Sl.No. :

नामांक Roll No.

SS–01–Hindi (C) (D & D)

No. of Questions – 16

No. of Printed Pages – 7

यहाँ से काटिए

उच्च माध्यमिक (मूक – बधिर) परीक्षा, 2018

हिन्दी (अनिवार्य)

समय : 4¼ घण्टे

पूर्णांक : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर – पुस्तिका में निर्धारित शब्द – सीमा में लिखें।

4) जिस प्रश्न के अ,ब,स , द भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें।

यहाँ से काटिए

खण्ड – अ

1) निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– [4 × 1 = 4]

(उत्तर सीमा 20 से 30 शब्द)

शान्ति नहीं तब तक, जब तक
सुख भाग न नर का सम हो,
नहीं किसी को बहुत अधिक हो,
नहीं किसी को कम हो ।
ऐसी शान्ति राज्य करती है
तन पर नहीं, हृदय पर, नर के ऊँचे
विश्वासों पर,
श्रद्धा, भक्ति, प्रणय पर ।
न्याय शांति का प्रथम न्यास है,
जब तक न्याय न आता
जैसा भी हो महल शान्ति का
सुदृढ़ नहीं रह पाता ।

अ) यदि प्रत्येक मनुष्य को समान सुख नहीं मिलेगा, तो क्या होगा? [1]

ब) 'शांति का महल' कब सुदृढ़ रहेगा? [1]

स) 'सुख' शब्द का विलोम शब्द लिखिए । [1]

द) पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । [1]

2) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– [4 × 1 = 4]

(उत्तर सीमा 20 से 30 शब्द)

आधुनिक युग विज्ञान–युग के नाम से जाना जाता है । आज विज्ञान की विजय–पताका धरती से लेकर आकाश तक फहरा रही है । सर्वत्र विज्ञान की महिमा का प्रचार–प्रसार है । मनुष्य ने विज्ञान के द्वारा प्रकृति को जीत लिया है । आज मनुष्य ने विज्ञान के द्वारा विद्युत, वाष्प, गैस, ईश्वर को खोजकर दिग्दिगन्तरों में अपनी विजय–पताका फहराकर सारे संसार में क्रान्तिकारी परिवर्तन ला दिया है । किन्तु विज्ञान के कारण आधुनिक युग की युयुत्सा ने भी प्रबल रूप धारण कर लिया है ।

अ) आधुनिक युग किसके नाम से जाना जाता है? [1]

ब) मनुष्य ने अपनी विजय पताका किस प्रकार फहराई है? [1]

स) 'आकाश' के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । [1]

द) गद्यांश का एक उचित शीर्षक दीजिए । [1]

खण्ड – ब

3) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबन्ध लिखिए :– **[8]**

अ) भारत में नोट बंदी – विविध प्रभाव

ब) कम्प्युटर का महत्त्व

स) जल संरक्षण

द) राष्ट्रीय पर्व

4) स्वयं को अमित कुमार मानते हुए अपने मित्र हरभजनसिंह का राष्ट्रीय हॉकी टीम में चयन होने पर, उसे एक बधाई पत्र लिखिए। **[6]**

अथवा

आप हॉस्टल में रहकर अध्ययन कर रहे हैं। अपने पिताजी को मासिक व्यय हेतु 1000 रू. (एक हजार रू.) मंगवाने हेतु पत्र लिखिए।

5) निम्नांकित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों का उच्चारण एवं हिन्दी रूपान्तरण लिखिए :– **[2]**

i) Index

ii) Offence

iii) Grant

iv) Annual

v) Bonus

खण्ड – स

6) निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– [4 × 1 = 4]

(उत्तर सीमा 20 से 30 शब्द)

मैं निज उर के उद्‌गार लिए फिरता हूँ;
मैं निज उर के उपहार लिए फिरता हूँ;
है यह अपूर्ण संसार न भाता मुझको,
मैं स्वपनों का संसार लिए फिरता हूँ।

मैं जला हृदय में अग्नि दहा करता हूँ,
सुख–दुख दोनों में मग्न रहा करता हूँ,
जग भव–सागर तरने को नाव बनाए,
मैं भव–मौजों पर मस्त बहा करता हूँ।

अ) कवि क्या लिए फिरता है? [1]

ब) कवि को संसार क्यों नहीं भाता? [1]

स) कवि किसमें मग्न या प्रसन्न रहता है? [1]

द) प्रस्तुत काव्यांश किस कवि द्वारा लिखित है? [1]

7) निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– [4 × 1 = 4]

(उत्तर सीमा 20 से 30 शब्द)

मैं समझता हूँ, कि 'प्रजातन्त्र की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि समाज नैतिक नियमों का पालन करे' कुछ ऐसा हुआ है कि राजनीतिशास्त्र के आचार्यों ने शायद प्रश्न के इस पहलू पर कभी विचार ही नहीं किया है। उनकी दृष्टि में 'नीतिपरायण' होना एक बात है और 'राजनीति' दूसरी। आप 'राजनीति' सीख सकते हैं, लेकिन 'नीति' के विषय में कोरे अज्ञानी बने रह सकते हैं, मानो 'राजनीति' बिना 'नीति' के ही सफल हो सकती हो। मुझे तो यह एक आश्चर्य में डालने वाली स्थापना मालूम देती है।

अ) प्रजातन्त्र की सफलता के लिए क्या आवश्यक है? [1]

ब) राजनीतिशास्त्र के आचार्यों के 'राजनीति' व 'नीति' के प्रति क्या विचार हैं? [1]

स) 'सफलता' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय पृथक करके लिखिए। [1]

द) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। [1]

8) निम्नलिखित में से किसी एक कवि या लेखक का परिचय दीजिए :– [4]

(शब्द सीमा 80 से 100 शब्द)

अ) बिहारी

ब) सुभद्रा कुमारी चौहान

स) धर्मवीर भारती

द) जयशंकर प्रसाद

9) भय के साध्य व असाध्य दोनों रूपों को उदाहरण सहित समझाइए। [4]

(शब्द सीमा 80 से 100 शब्द)

अथवा

सरदार पूर्णसिंह के 'मजदूरी व प्रेम' के संदर्भ में विचार समझाइए।

10) 'भाषा के चक्कर में सीधी बात टेड़ी हो जाती है ।' इस कथन को 'बात सीधी थी' कविता के आधार पर समझाइए। [4]

(शब्द सीमा 80 से 100 शब्द)

अथवा

पठित काव्यांश के आधार पर सिद्ध कीजिए कि भूषण वीर रस के कवि हैं।

(शब्द सीमा 80 से 100 शब्द)

11) पठित कविताओं की विषय वस्तु के आधार पर निम्नांकित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– [3 × 2 = 6]

(शब्द सीमा 20 से 30 शब्द)

अ) 'मोल करो तलवार का पड़ा रहने दो म्यान'–इस पंक्ति का क्या तात्पर्य है?

ब) रहीमदास जी ने सज्जन व्यक्ति के रूठ जाने पर भी बार–बार मनाने को क्यों कहा है?

स) कवि भूषण की प्रस्तुत कविता में किस वीर की वीरता का वर्णन किया गया है?

द) गोपियों को उद्धव का संदेश किसके समान लग रहा है?

12) पठित विषय–वस्तु के आधार पर निम्नांकित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– [3 × 2 = 6]

(शब्द सीमा 20 से 30 शब्द)

अ) हमें बाज़ार से वस्तुएँ खरीदते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

ब) सरदार पूर्णसिंह ने किन व्यक्तियों को साधु कहा है?

स) 'त्रिताप' कौन–से होते हैं? हिमालय की शीतलता का उन तापों पर क्या प्रभाव पड़ा?

द) बसन्त ने चूहा सैदनशाह के लोगों की तन्दरूस्ती का राज क्या बताया?

खण्ड – द

13) पठित पाठों की विषय–वस्तु के आधार पर निम्नांकित में से किन्हीं छः (6) प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– [6 × 2 = 12]

(शब्द सीमा 20 से 30 शब्द)

अ) 'उसने कहा था' कहानी के पात्र लहनासिंह के चरित्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।

ब) 'आहार–नीति' पुस्तक में किसके विचारों का वर्णन है?

स) 'गौरा' को मृत्यु से बचाने के लिए लेखिका ने क्या प्रयास किए?

द) तुलसीदासजी ने रत्नावली को काशी में रहने की अनुमति क्यों नहीं दी?

य) हिन्दु गुफाओं में 16 वीं गुफा में किसके चित्र अंकित हैं?

र) संत जम्मेश्वर को दिव्य ज्ञान कहाँ प्राप्त हुआ?

ल) 'सर साँटे रूँख रहे तो भी सस्ता जाण ।' – पंक्ति का क्या अर्थ है?

खण्ड – य

14) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर फीचर लिखिए :– [4]

(शब्द सीमा 80 से 100 शब्द)

अ) पॉलीथीन – एक गंभीर समस्या

ब) बस्ते का बढ़ता बोझ

स) दहेज – प्रथा

15) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रिपोर्ट लिखिए :– [4]

(शब्द सीमा 80 से 100 शब्द)

अ) वृक्षारोपण

ब) योग दिवस

स) विश्व विकलांगता दिवस

16) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर आलेख लिखिए :– [4]

(शब्द सीमा 80 से 100 शब्द)

अ) बेरोजगारी

ब) कम्प्यूटर क्रान्ति

स) वन और जीवन

▽▽▽▽

DO NOT WRITE ANYTHING HERE